E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com
Mob.-9453590179

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया–274001

पत्रांक 807 / कार्य–08 / 158 दिनांक – 18.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः–ऑनलाइन समाचार पत्र दैनिक भास्कर दिनांक 17.05.2026 द्वारा प्रकाशित खबर ''हरपुर में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी, ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ऑनलाइन दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक भास्कर'' में प्रकाशित खबर ''हरपुर में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरी, ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा, अधिकारी बोले–दो माह में होग चालू के अन्तर्गत टैंक के अधूरे निर्माण एवं पेयजल योजना से पेयजल उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में खबर प्रकाशित है।

उक्त के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड–भाटपाररानी में हरपुर ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) प्रा0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 150 कि0ली0 / 12 मी0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, 14.47 कि0मी0 पाइप लाइन, 483 गृह संयोजन, 16.50 किलोवाट सोलर सिस्टम, 10.00 एच0पी0 पम्प एवं तत्सम्बन्धित कार्य कराना प्रस्तावित था। वर्तमान तक योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय 90 प्रतिशत एवं पम्प हाउस का कार्य पूर्ण हो चुका है। नलकूप 01 नग पूर्ण हो गया है तथा 12.50 कि0मी0 पाइप लाइन एवं 274 गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराते हुए माह सितम्बर, 2026 तक शिरोपरि जलाशय सहित समस्त कार्य पूर्ण कराते हुए हर घर नल से जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करा दिया जायेगा।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) प्रा0लि0 को इस निर्देश के साथ कि योजना के समस्त कार्यों का पूर्ण कराते हुए योजना संचालित करायें।

अधिशासी अभियन्ता